Title: Need to set up power house for uninterrupted supply of power at Mashrakh or Baniapur in Maharajaganj Parliamentary constituency in Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज): बिहार के सारण प्रमण्डल अन्तर्गत महाराजगंज संसदीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति नगण्य है। महाराजगंज संसदीय क्षेत्र सारण प्रमण्डल के सारण एवम् सीवान जिलों के बीच अवस्थित है एवम् इस प्रमण्डल के तीन जिला मुख्यालयों में विद्युत उपग्रह स्थापित हैं किन्तु महाराजगंज जिला मुख्यालय नहीं होने के कारण विद्युत आपूर्ति के लिए पड़ौसी जिला मुख्यालयों पर निर्भर रहता है। फलस्वरूप २० लाख की आबादी वाले इस संसदीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की हालत बहुत की खराब है। इस पूरे संसदीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति मात्र ४-५ घंटे ही हो पाती है, वह भी किस्तों में। जिससे न सिर्फ इस क्षेत्र की जनसंख्या को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है वरन् कृषि व्यवसाय से जुड़े यहां के निवासियों की आर्थिक अवस्था भी प्रभावित हो रही है क्योंकि विद्युत आपूर्ति के अभाव में क्षेत्रीय ग्रामीणों को सिंचाई आदि में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस संसदीय क्षेत्र के मध्य भाग-मशरख अथवा बनियापुर में एक विद्युत उपग्रह की स्थापना की जाए जिससे इस पूरे महाराजगंज क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सामान्य हो सके एवम् महाराजगंज की जनता को बिजली की किल्लत से राहत मिल सके।